भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1644
जिसका उत्तर 11 फरवरी, 2021 को दिया जाना है।
.....
उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(ख) और (ग): राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के तहत, अर्थात हिमालयन घटक के गंगा (फरक्का)-दामोदर-स्वर्णरेखा, स्वर्णरेखा-महानदी और प्रायद्वीपीय घटक के तहत महानदी-गोदावरी-कृष्णा-पेन्नार-कावेरी नदी जोड़ प्रणाली नदी जोड़ श्रृंखला के माध्यम से गंगा नदी जोड़ को कावेरं नदी से जोड़ने का प्रस्ताव है। प्रस्ताव गंगा-दामोदर-स्वर्णरेखा नदी जोड़ के माध्यम से फरक्का बैराज के धारा के विपरीत दिशा में और इसके अलावा, दक्षिण की ओर पिछला मानस-संकोश-तिस्ता-गंगा (एम एस टी जी) नदी जोड़ द्वारा अत्यधिक जल के डायवर्जन पर विचार किया जाता है। एन डब्ल्यू डी ए ने गंगा (फरक्का)-दामोदर-स्वर्णरेखा, स्वर्णरेखा-महानदी नदी जोड़ की मसौदा व्यवहार्यता रिपोर्ट पूरी की है और जुलाई, 2020 में पार्टी राज्यों के बीच परिचालित की है। नदी जोड़ों की व्यवहार्यता रिपोर्ट अर्थात् महानदी-गोदावरी, गोदावरी-कृष्णा, कृष्णा-पेन्नार, पेन्नार-पल्लर-कावेरी नदी जोड़ परियोजनाएं भी पूरी हो चुकी है और पार्टी राज्यों को परिचालित कर दी गई है।

इसके अलावा, गोदावरी बेसिन के इंन्द्रवति उप-बेसिन के अनुपयोगी जल को डायवर्ट करने के लिए विकल्पी अध्ययन कर ली गई है और तीनों नदी जोड़ों अर्थात् गोदावरी (इंचामपल्ली/जनमपेट)-कृष्णा (नागार्जुन सागर), कृष्णा (नागार्जुन सागर)-पेन्नार (सोमाशिला), पेन्नार (सोमाशिला)-कावेटी (ग्रैंड एनिकट) नदी जोड़ परियोजना को शामिल करते हुए गोदावरी-कावेरी नदी जोड़ के मसौदा डी पी आर तैयार कर ली गई है और एन डब्ल्यू डी ए द्वारा मार्च 2019 में पार्टी राज्यों को परिचालित कर दिया गया है।

(घ और ड.): 'नदियों के जोड़ पर विशेष समिति (एस सी आई एल आर) की 18वीं बैठक 07.12.2020 को हुई। बैठक में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के तहत प्राधमिकृत नदी जोड़ों की स्थिति को शामिल करते हुए विभिन्न विषयों, एन डब्ल्यू डी ए से विभिन्न अंतर-राज्य नदी जोड़ के प्रस्तावों की स्थिति, एस सी आई एल आर के सहायता के लिए गठित उप-समितियों के कार्यों की स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। राज्य सरकार के सुझावों को एस सी आई एल आर कार्यक्रम कार्यान्वयन के लिए भी विचार-विमर्श किया गया ।

कार्यवाही के अनुसार, परतापी-नर्मदा नदी जोड़ परियोजना के मामले पर 10.12.2020 को आयोजित IV बैठक के उप-समिति में विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा, बिहार सरकार के साथ एन डब्ल्यू डी ए द्वारा 28.01.2021 को आयोजित बैठक में बिहार राज्य के अंतर-राज्य नदी जोड़ों की स्थिति पर समीक्षा किया गया है।

*****